भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4016

25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि परिवार की आय का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण

4016. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अभी भी कृषि परिवारों की आय का आकलन करने के लिए 2019 के एनएसएस सर्वेक्षण के 77वें दौर के सर्वेक्षण पर निर्भर है;

(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित करने के पश्चात आय में होने वाली वृद्धि का आकलन करने के लिए कोई और सर्वेक्षण किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) सर्वेक्षण करने और डेटा एकत्र करने के लिए नोडल एजेंसी है। कृषि परिवारों का नवीनतम स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा एनएसएस के 77वें दौर (जनवरी, 2019 - दिसंबर, 2019) के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि वर्ष जुलाई, 2018- जून, 2019 के संदर्भ में किया गया था। तब से, एनएसओ ने इस तरह का कोई सर्वेक्षण नहीं किया है।

*****